भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

सतर्कत्ता जागरूकता सप्ताह-2023

विद्यालय में सतर्कत्ता जागरूकता सप्ताह गतिविधि रिपोर्ट

(02.11.2023)

भा॰वा॰अ॰शि॰प॰-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा 30 अक्तूबर से 03 नवंबर तक सतर्कत्ता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान द्वारा विभिन गतिविधियां की गयी । इन गतिविधियां के अंतर्गत, **2 नवंबर, 2023** को संस्थान से **श्रीमती सविता कुमार बन्याल**, मुख्य तकनीकी अधिकारी; **श्रीमती सोनिका शर्मा**, वरिष्ठ तकनीशियन एवं **श्री स्वराज सिंह**, तकनीशियन की टीम ने **राष्ट्रीय विद्या केंद्र, कुसुंप्टी पाठशाला** में जाकर विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार एवं इसके प्रति सतर्कत्ता के बारे में अवगत कराया । कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्या, अध्यापकों एवं छात्रों समेत कुल 220 लोगों ने भाग लिया । कार्यक्रम के शुरुआत में श्रीमती सविता कुमार बन्याल, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने विद्यार्थियों को “भ्रष्टाचार एवं इसके प्रति सतर्कत्ता” विषय पर भाषण के माध्यम से जानकारी प्रदान की । जिसमें उन्होने सतर्कत्ता जागरूकता सप्ताह-2023, इसके थीम, भ्रष्टाचार, इसके प्रकार, भ्रष्टाचार के कारण, भ्रष्टाचार उन्मूलन, नियम, अधिनियम, भ्रष्टाचार के प्रति सतर्कत्ता, केंद्रीय सतर्कत्ता आयोग एवं जन-जागरूकता पर विस्तृत चर्चा की । उन्होने कहा कि विद्यार्थी भ्रष्टाचार को रोकने में अहम भूमिका निभा सकते हैं । उन्होने विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक रहने, समाज में जागरूकता फैलाने, एवं किसी भी परिस्थिति में भ्रष्टाचार न करने, न होने देने एवं इसे रोकने की सलाह दी । कार्यक्रम में भ्रष्टाचार जागरूकता के अलावा छात्रों को मिशन लाइफ, अमृत सरोवर, पौधा रोपण, नगर वन उपयोगिता के बारे में भी जानकारी प्रदान की गयी । कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रधानाचार्या ने भा॰वा॰अ॰शि॰प॰-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान का स्कूलों में इस तरह की गतिविधियां करवाने के लिए एवं छात्रों को इस विषय पर जागरूक करने के लिए धन्यवाद किया ।

कार्यक्रम की झलकियाँ

****